**विधान परिषद् के प्रथम सत्र–2024 के प्रथम शुकवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–12 का उत्तर :–**

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 12(क) | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान है, के द्वारा प्रदेश के कितने विश्वविद्यालय, प्राविधिक संस्थान एवं चिकित्सा विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन कर कौन–कौन से नैक ग्रेडिंग प्रदान की गयी हैं ? | राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा **उच्च शिक्षा विभाग** के अन्तर्गत दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को $A^{++}$, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा (डीम्ड विश्वविद्यालय) एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर को $A^{+}$, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या को B, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को C ग्रेड (उक्त सभी विश्वविद्यालय राज्य विश्वविद्यालय हैं) जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय, मथुरा, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ, गलगोटिया विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़, एमिटी विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर एवं शारदा विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर को $A^{+}$, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, शोभित विश्वविद्यालय, सहारनपुर एवं जे0पी0 विश्वविद्यालय, अनूपशहर, बुलन्दशहर को A, श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय, लखनऊ को $B^{+}$ एवं इन्वर्टिस विश्वविद्यालय, बरेली को B ग्रेड प्रदान किया गया है। इस प्रकार कुल 10 राज्य विश्वविद्यालयों एवं 12 निजी विश्वविद्यालयों को नैक द्वारा ग्रेडिंग प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त 10 राजकीय महाविद्यालयों, 42 सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों तथा 24 स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को नैक द्वारा विभिन्न ग्रेड प्रदान किये गये हैं।<br>**प्राविधिक शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग** के अन्तर्गत कमशः 02 प्राविधिक संस्थानों–मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को A, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर को $A^{+}$ एवं 01 चिकित्सा विश्वविद्यालय–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ को $A^{+}$ ग्रेड प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध 19 प्राविधिक संस्थानों को नैक द्वारा विभिन्न ग्रेड प्रदान किये गये हैं। |
| (ख) | क्या उक्त संस्थान द्वारा जारी विवरणिका में शिक्षकों की समस्याओं के सम्बन्ध में कोई कालम निर्धारित किया गया है? | जी नहीं। |
| (ग) | यदि हां, तो विश्वविद्यालयों संस्थानों में जिनकी ग्रेडिंग की गई है, उनके शिक्षकों की समस्याओं पर विचार किया गया है? | प्रश्न ही नहीं उठता। |
| (घ) | यदि हाँ, तो क्या? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड.) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

31/01

**(योगेन्द्र उपाध्याय)**
**मंत्री।**